Bihar Special September 2020 Current Affairs

1. प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में इंटरनेट सेवाओं के लिए ऑप्टिकल फाइबर की शुरुआत की

- इसका उद्देश्य पूर्वी राज्य के सभी 45,945 गांवों को इंटरनेट के द्वारा जोड़ना हैऔर ई-शिक्षा, ई-कृषि, सुदूर चिकित्सा और सुदूर कानून जैसे डिजीटल सेवाओं को उपलब्ध कराना है।
- नोटः ऑप्टिकल फाइबर एक माध्यम है और प्रकाश स्पंदनों के रूप में सूचना का संप्रेषण है जिसमें ग्लास अथवा प्लास्टिक किनारों अथवा फाइबर का माध्यम होता है।

2. कैबिनेट ने बिहार के दरभंगा में ये एम्स को स्वीकृति दीः

- केंद्र सरकार ने बिहार, दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। एम्स की स्थापना प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) योजना के अंतर्गत की जाएगी।
- नोटः पीएमएसएसवाईः पीएमएसएसवाई को 2003 में शुरू किया गया था जिससे तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के संतुलन को ठीक किया जा सके और साथ ही चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। इस योजना के दो घटक हैः (1) नये एम्स की स्थापना करना, और (2) चुने हुए सरकारी मेडिकल कॉलेज संस्थानों का उन्नयन करना।

3. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेट्रोलियम क्षेत्र से संबंधित बिहार में 3 प्रमुख परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगेः

- इस परियोजनाओं में शामिल हैं पारादीप-हल्दिया-दुर्गापुर पाइपलाइन वृद्धि परियोजना के दुर्गापुर-बांका और बांका सेक्शन और पूर्वी चंपारण में दो एलपीजी बॉटलिंग प्लांट

4. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐतिहासिक कोसी रेल महासेतु राष्ट्र को समर्पित करेंगेः

- 2003-04 के दौरान कोसी मेगा सेतु लाइन परियोजना को केंद्र सरकार ने स्वीकृति दी थी। इसकी निर्माण लागत रु. 516 करोड़ है और कोसी राय महासेतु 1.9 किमी. लंबा है। यह सेतु भारत-नेपाल सीमा पर रणनीतिक महत्व का है।

5. प्रधानमंत्री मातृसम्पदा योजना, ई-गोपाल मोबाइल ऐप

- प्रधानमंत्री ने डिजिटल रूप में प्रधानमंत्री मातृ सम्पदा योजना (PMMSY) और ई-गोपाला ऐप का उद्घाटन किया है जो किसानों को पशुधन के लिए बाज़ार प्रदान करेगें।
- बिहार में मत्स्य और पशुपालन क्षेत्रों में अन्य पहल।

➢ PMMSY का लाभ:

- मत्स्य पालन क्षेत्र में महत्वपूर्ण कमियों को दूर करेगा।
- क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा, मूल्य संवर्धन पर ध्यान केंद्रित होगा।
- महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे का उन्नयन। मछली पकड़ने से जुड़े लोगों का कल्याण होगा।
- PMMSY के बारे में: यह देश में मत्स्य पालन क्षेत्र के केंद्रित और सतत विकास के लिए एक प्रमुख योजना है, जिसका आत्मनिर्भर भारत पैकेज के भाग के रूप में वर्ष 2020-21 से 2024-25 के दौरान इसके क्रियान्वयन का अनुमानित निवेश 20,500 करोड़ रुपए है।
- ई-गोपाला ऐप: ई-गोपाल ऐप किसानों के सीधे इस्तेमाल हेतु एक व्यापक नस्ल सुधार बाज़ार और सूचना पोर्टल है।

6. किसान रेल

- केंद्रीय कृषि मंत्री और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने देश में किसान रेल का दूसरी बार उद्घाटन किया।
- यह दक्षिण भारत की पहली किसान रेल है जिसे अनंतपुर से चलाया गया।
- भारत की पहली किसान रेल पटना के पास देवलाली (नकीस के पास) से दानापुर के बीच चलती है।

अनंतपुर क्यों चुना गया?

- अनंतपुर तेजी से आंध्र प्रदेश का फल का कटोरा बन रहा है। जिले के 58 लाख टन फलों और सब्जियों का 80% से अधिक भाग को राज्य से बाहर राज्यों खासकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर भारतीय राज्यों में बेचा जाता है। पहले यह सड़क परिवहन द्वारा ले जाया जा रहा था।



7. प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्रीमत्स्य संपदा योजना और ई गोपाला ऐप का डिजिटल अनावरण किया

- PMMSY मत्स्य पालन क्षेत्र में केंद्रित और सतत विकास करने के लिए एक प्रमुख योजना है, जिसका अनुमानित बजट 20,050 करोड़ रुपए है। PMMSY के अंतर्गत यह निवेश मत्स्य क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। PMMSY का लक्ष्य 2024-25 तक अतिरिक्त 70 लाख टन मछली उत्पादन को बढ़ाना है, जिससे मछुआरों और मछली किसानों की आय दोगुनी करने के लिए 2024-25 तक मत्स्य निर्यात आय एक लाख करोड़ रुपये तक बढ़ जाएगी।
- इस परियोजना में बिहार में 1,390 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है।
- सीतामढ़ी में एक फिश ब्रूड बैंक और किशनगंज में एक जलीय रोग परमार्श प्रयोगशाला भी स्थापित की जाएगी।
- प्रधानमंत्री 'नीली क्रांति' के तहत मधेपुरा में मछली के भोजन की एक इकाई और पटना में 'फिश ऑन व्हील्स' की दो इकाइयों का भी उद्घाटन करेंगे।
- बिहार के पूसा में डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में एक व्यापक मछली उत्पादन प्रौद्योगिकी केंद्र का भी उद्घाटन किया जाएगा।

8. ई-गोपाला ऐप किसानों द्वारा सीधे उपयोग किए जाने के लिए एक सूचना पोर्टल है।

यह ऐप एक विस्तृत नस्ल सुधार ई-बाजार है। ई-गोपाला ऐप टीकाकरण और गर्भावस्था के दिन की नियत तारीख पर अलर्ट भेजेगा और किसानों को उनके आस-पास के क्षेत्रों में विभिन्न सरकारी योजनाओं और अभियानों के बारे में सूचना प्रदान करेगा।

9. भारतीय डाक

- देशव्यापी कोरोनावायरस लॉकडाउन के दौरान लोगों को वस्तुएं और मौद्रिक राहत पहुँचाने हेतु अपने प्रयासों के लिए भारतीय डाक की तारीफ़ की जा रही है। भारतीय डाक खेल विनिर्माण क्षेत्र का आपूर्ति श्रृंखला पार्टनर बन सकता है।
- भारतीय डाक ने लॉकडाउन के दौरान आधार समर्थित भुगतान प्रणाली के जरिए घर-घर आपूर्ति में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

- अब से, डाक सेवा देश भर में मधुमनी चित्रों जैसे स्वदेशी और लोकप्रिय उत्पादों का वितरण करने में अपनी भूमिका निभाएगी।
- मधुमनी चित्रकारी बिहार में एक लोकप्रिय कलाशैली है जबकि लोग बटन बनाने के व्यवसाय में भी संलग्न हैं।
- नोट - सांसद, विधायक विधान परिषद सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की लोकप्रिय उत्पादों की एक सूची प्रदान करेंगे।
- इस कदम से छोटे कलाकारों, उद्यमियों और लघु विनिर्माण इकाईयों को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि डाक विभाग उन्हें अपने उत्पादों का देशभर में प्रचार और परिवहन करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

➢ मुख्य बिंदु

- भारत में कुल 260 सर्वमहिला डाक घर हैं, जिसमें पटना में एक और श्रीनगर में भी एक है।
- 2020 में, त्रिची, कालबुर्गी जैसे कई शहरों में नए सर्वमहिला डाकघरों खोले गए थे और मुंबई ने माहिम बाज़ार में अपना दूसरा सर्वमहिला डाकघर खोला है।
- पटना में पैदा हुए मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने सितम्बर 2019 में 'महिला डाकघर' नाम से पहले सर्वमहिला डाकघर का उद्घाटन किया था।

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests